चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

प्रेस विज्ञप्ति

चिरेका में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन

चिरेका रेल कर्मचारियों और अधिकारियों ने लिया उत्साह पूर्वक हिस्सा

चित्तरंजन,21.06.2025 :योग से रहें निरोग के उद्देश्य के साथ योग की उपयोगिता को जन जन तक पहुंचाने हेतु "एक पृथ्वी और एक स्वास्थ्य के लिए योग" थीम पर चित्तरंजन रेल इंजन कारख़ाना (चिरेका) और इनकी सहायक इकाई डानकुनी तथा हावड़ा कार्यालय में आज दिनांक 21.06.2025 को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 का पालन किया गया। रेल कर्मियों में योग से स्वास्थ्य लाभ के प्रति जागरूकता को लेकर आयोजित कार्यक्रम में रेलनगरी के अलग अलग निर्धारित स्थलों पर योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कॉमन योगा प्रोटोकॉल (CYP) का पालन करते हुए विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लेकर योगाभ्यास किया।

रेलवे बोर्ड के निर्देश पर कार्मिक विभाग द्वारा प्रातः चित्तरंजन क्लब में योगगुरु श्री योगेंद्र सिंह के सक्रिय मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में श्री विजय कुमार, महाप्रबंधक/चिरेका एवं श्रीमती किरण बधान, अध्यक्षा,चिरेका महिला कल्याण संगठन की गरिमामयी उपस्थिति में प्रमुख विभागीय अधिकारिगणों और अधिकारियों ने योगाभ्यास किया। मुख्य कार्यक्रम स्थल चितरंजन क्लब में उपस्थित सभी लोगों ने विशाखापट्टनम में आयोजित राष्ट्रीय स्तर कार्यक्रम के प्रसारित लाइव योग कार्यक्रम को देखा और इसमें शामिल हुए।

इस मौके पर श्री रंजन मोहंती मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित सभी विभागों के प्रधान अध्यक्ष अपने परिवार सदस्यों और चिरेका महिला कल्याण संगठन की सदस्याएँ शामिल होकर योगाभ्यास में हिस्सा लिया।

इसके अलावा रेल क्षेत्र के वर्क्स ऑफिस,चिकित्सा भवन, कारखाना लोको और चिरेका की सहायक इकाई डानकुनी तथा सीएमएम हावड़ा कार्यालय में योग शिविर का आयोजन किया गया। जहाँ बड़ी संख्या में चिरेकाकर्मियों ने हिस्सा लेकर योग दिवस के उद्देश्य को सफल बनाया। योग विशेषज्ञ द्वारा शिविर में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को योग का अभ्यास कराया गया।

सेवा में,

समाचार संपादक

जनसंपर्क विभाग,चिरेका/ चित्तरंजन द्वारा जारी है.